चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 22.03.25 | 2 | 3-6 |


**कार्यक्रम** • बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' पर कार्यक्रम

# बीज गुणवत्ता की कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा बढ़ाने में अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के प्रजनक बीज फार्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि बीजों की आनुवंशिक शुद्धता बनाए रखना केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। सतत अनुसंधान, जागरूकता और उचित प्रबंधन से हम बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि आनुवंशिक शुद्धता प्रबंधन से शुद्ध बीज तैयार करके अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे रोग प्रतिरोधी क्षमता, अधिक उत्पादन तथा जलवायु अनुकूलता भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रमाणित बीजों का उपयोग करना चाहिए। बीज उत्पादन प्रक्रिया के साथ भण्डारण एवं बीज परीक्षण पर निगरानी रखना भी बहुत जरूरी है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए विभिन्न किस्मों के उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज किसानों को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि किसान कम लागत में अधिक पैदावार, उत्पादन प्राप्त कर सकें।



हिसार | एचएयू कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बीज फार्म का निरीक्षण करते हुए।

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि बेहतर फसल और बंपर उत्पादन के लिए बीज काफी महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए बीज विविधता और संप्रभुता के महत्व को बढ़ावा देने में भी मदद करते हैं। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र मोर ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। कृषि निरीक्षक अनिल कुमार को उत्तम बीज उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से 50 से अधिक सरकारी व गैर सरकारी बीज उत्पादक शामिल हुए। उन्होंने विश्वविद्यालय के बीज फार्म का भ्रमण भी किया। मंच का संचालन डॉ. अक्षय भूक्कर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 22.03.25 | 4-6 | 5-6 |

# कृषि उत्पादन बढ़ाने में गुणवत्तायुक्त बीज की है अहम भूमिका : प्रो. बीआर काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के प्रजनक बीज फार्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति ने कहा कि बीजों की आनुवांशिक शुद्धता बनाए रखना केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। सतत अनुसंधान, जागरूकता और उचित प्रबंधन से हम बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि आनुवंशिक शुद्धता प्रबंधन से शुद्ध बीज तैयार करके अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे रोग प्रतिरोधी क्षमता, अधिक उत्पादन तथा जलवायु अनुकूलता भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रमाणित बीजों का उपयोग करना चाहिए। बीज उत्पादन प्रक्रिया के साथ भण्डारण एवं बीज परीक्षण पर निगरानी रखना भी बहुत जरूरी है।

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए विभिन्न किस्मों के उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज किसानों को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि किसान कम लागत में अधिक पैदावार/उत्पादन प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि वे और अधिक मेहनत के साथ उच्च गुणवत्ता के बीज तैयार करें ताकि हमारे किसान अपने फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी कर सकें। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध और विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। प्रतिस्पर्धा के दौर में चुनौतियां भी बहुत हैं।



बीज फार्म का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज • जागरण

## खाद्य सुरक्षा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है बीज

अनुसंधान निदेशक डा. राजबीर गर्ग ने बताया कि किसानों के लिए बीज का विशेष महत्व है। यह कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीज की गुणवत्ता और सही चयन से फसल की पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। बेहतर फसल और बंपर उत्पादन के लिए बीज काफी महत्वपूर्ण होते हैं। पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए बीज विविधता और संप्रभुता के महत्व को बढ़ावा देने में भी मदद करते हैं। बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. विरेन्द्र मोर ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि निरीक्षक अनिल कुमार को उत्तम बीज उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 22.03.25 | 2 | 4-5 |

## कृषि उत्पादन, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने में बीज गुणवत्ता की अहम भूमिका : प्रो. कांबोज



एचएयू में बीज फार्म का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज व किसान। स्रोत : विवि

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। एचएयू में बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर कांबोज बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।

उन्होंने कहा कि बीजों की आनुवांशिक शुद्धता बनाए रखना केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। सतत अनुसंधान, जागरूकता, उचित प्रबंधन से हम बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन सुनिश्चित कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि आनुवंशिक शुद्धता प्रबंधन से शुद्ध बीज तैयार करके अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे रोग प्रतिरोधी क्षमता, अधिक उत्पादन व जलवायु अनुकूलता बनी रहेगी। किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रमाणित बीजों का उपयोग करना चाहिए।

### सतत अनुसंधान, उचित प्रबंधन से बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन सुनिश्चित होगा

बीज उत्पादन प्रक्रिया के साथ भण्डारण एवं बीज परीक्षण पर निगरानी रखना भी बहुत जरूरी है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए विभिन्न किस्मों के उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज किसानों को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, ताकि किसान कम लागत में अधिक पैदावार/उत्पादन प्राप्त कर सकें। बीज उत्पादन के क्षेत्र में स्वरोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं।

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि बीज की गुणवत्ता और सही चयन से फसल की पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। बेहतर फसल और बंपर उत्पादन के लिए बीज महत्वपूर्ण होते हैं।

### एचएयू में 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' विषय पर कार्यक्रम

# बीजों की शुद्धता बनाए रखना जरूरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**



हिसार। कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज बीज फार्म का निरीक्षण करते हुए।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि बीजों की आनुवांशिक शुद्धता बनाए रखना केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। सतत अनुसंधान, जागरूकता और उचित प्रबंधन से हम बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि बनी रहेगी।

प्रो. काम्बोज शुक्रवार को विश्वविद्यालय में बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' विषय पर आयोजित कार्यक्रम के संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के प्रजनक बीज फार्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति ने बताया कि आनुवंशिक शुद्धता प्रबंधन से शुद्ध बीज तैयार करके अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे रोग प्रतिरोधी क्षमता, अधिक उत्पादन तथा जलवायु अनुकूलता भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रमाणित बीजों का उपयोग करना चाहिए। बीज उत्पादन प्रक्रिया के साथ भण्डारण एवं बीज परीक्षण पर निगरानी रखना भी बहुत जरूरी है। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि किसानों के लिए बीज का विशेष महत्व है। यह कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीज की गुणवत्ता और सही चयन से फसल की पैदावार पर सीधा असर पड़ता है।

बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र मोर ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि निरिक्षक अनिल कुमार को उत्तम बीज उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से 50 से अधिक सरकारी व गैर सरकारी बीज उत्पादक शामिल हुए।

उन्होंने विश्वविद्यालय के बीज फार्म का भ्रमण भी किया। मंच का संचालन डॉ. अक्षय भूक्कर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 22.3.25 | 2 | 7-8 |

## बीज गुणवत्ता का कृषि उत्पादन एवं खाद्य सुरक्षा बढ़ाने में अहम भूमिका: प्रो. काम्बोज



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बीज फार्म का निरीक्षण करते हुए*

हिसार, 21 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणाण कृषि विश्वविद्यालय में बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के प्रजनक बीज फार्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि बीजों की आनुवांशिक शुद्धता बनाए रखना केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रमाणित बीजों का उपयोग करना चाहिए। बीज उत्पादन प्रक्रिया के साथ भण्डारण एवं बीज परीक्षण पर निगरानी रखना भी बहुत जरूरी है। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कहा कि बीज की गुणवत्ता और सही चयन से फसल की पैदावार पर सीधा असर पड़ता है। बेहतर फसल और बंपर उत्पादन के लिए बीज काफी महत्वपूर्ण होते हैं।

बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र मोर ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि निरिक्षक अनिल कुमार को उत्तम बीज उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से 50 से अधिक सरकारी व गैर सरकारी बीज उत्पादक शामिल हुए। उन्होंने विश्वविद्यालय के बीज फार्म का भ्रमण भी किया। मंच का संचालन डॉ. अक्षय भूकर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 21.03.25 | -- | -- |

# बीज गुणवत्ता का उत्पादन व खाद्य सुरक्षा बढ़ाने में अहम भूमिका : प्रो. काम्बोज

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणाण कृषि विश्वविद्यालय में बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 'अनुवांशिक शुद्धता प्रबंधन' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के प्रजनक बीज फार्म पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि बीजों की आनुवांशिक शुद्धता बनाए रखना केवल किसानों के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण कृषि और खाद्य सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। सतत अनुसंधान, जागरूकता और उचित प्रबंधन से हम बेहतर गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन सुनिश्चित कर सकते हैं, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि आनुवंशिक शुद्धता प्रबंधन से शुद्ध बीज तैयार करके अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। इससे रोग प्रतिरोधी क्षमता, अधिक उत्पादन तथा जलवायु अनुकूलता भी बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि किसानों को अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रमाणित बीजों का उपयोग करना चाहिए। बीज उत्पादन प्रक्रिया के साथ भण्डारण एवं बीज परीक्षण पर निगरानी रखना भी बहुत जरूरी है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए विभिन्न किस्मों के उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज किसानों को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि किसान कम लागत में अधिक पैदावार/उत्पादन प्राप्त कर सकें। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि वे और अधिक मेहनत के साथ उच्च गुणवत्ता के बीज तैयार करें ताकि हमारे किसान अपने फसलों के उत्पादन में बढ़ोतरी कर सकें।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बीज फार्म का निरीक्षण करते हुए।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध और विस्तार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। प्रतिस्पर्धा के दौर में चुनौतियों भी बहुत हैं। विश्वविद्यालय को और अधिक ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए विश्वविद्यालय परिवार को आपसी तालमेल के साथ एकजुट होकर कार्य करना होगा। बीज उत्पादन के क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि किसान हमारे लिए सर्वोपरि है इसलिए उच्च गुणवत्ता के बीजों की उन्नत किस्में विकसित करके ही हम उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकते हैं। इसके लिए हमें आत्म-समर्पण के साथ काम करना होगा।